अधिकारी कर्मचारी कर रहे सरकार की छबि धूमिल

आधार कार्ड के लिए चक्कर काटने को मजबूर

साजा। छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न सेवाओं को आज बेमेतरा जिले के अधिकारी और कर्मचारी ठीक ढंग से संचालित नहीं कर रहे है जिससे सरकार की छवि खराब हो रही है। आधार कार्ड बनवाने या नाम त्रुटि को सुधरवाने साजा अनुविभाग के लोगो को बेमेतरा और थानखम्हरिया जाना पड़ रहा है जिसके कारण क्षेत्र के लोग परेशान है उन्हें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या से कलेक्टर जिला बेमेतरा को पिछले दिनों साजा क्षेत्र के विधायक लाभचंद बाफना के सामने स्थानीय विश्राम गृह में पत्रकारों ने भी अवगत कराया था जिस पर कलेक्टर ने आश्वस्त किया था कि शीघ्र ही इस सुविधा को प्रारंभ किया जायेगा लेकिन आज पर्यंत चालू नही हो पाया हैं। क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव लाभचंद बाफना भी क्षेत्र के जनता को नाराज कर रहे हैं अधिकारी और कर्मचारियों का राज चल रहा है । साजा में हालात ऐसा हो गया है कि शासन की सारी योजनाओं का पलीता लगाने वालों पर भी कोई कार्रवाई नही हो रही है। साजा जनपद के ग्राम परसबोड में राशन वितरण में गड़बड़ी करने वालो को बचाया जा रहा है जबकि लिखित में राशन में गड़बड़ी करने के लिए संचालक जगत साहू ने अपनी गलती स्वीकार की है वही सेवा सहकारी समिति ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जगत साहू को नौकरी से हटा दिया है उसके बाद भी उच्च अधिकारी उसे बचाने की कोशिश कर रहे हैं। आखिर सरकार की योजनाओं का पलीता लगाने पर इतनी मेहरबानी क्यो की जा रही है समझ से परे है।

> जल्द आधार कार्ड की सेवा साजा में शुरू हो जाएगी। 15 दिनों की मोहलत ली है फ़िर शुरू हो जाएगी। हम प्रयास में लगे है कि जल्द आधार कार्ड की सेवा शुरू हो जाये ।
> –उमाशंकर साहू , एसडीएम साजा
>
> शासन से अनुमति मिलने और जरूरी डिवाईस मिलने के बाद आधार कार्ड सेवा शुरू हो जाएगी।
> –मुकेश सिन्हा
> लोकसेवा केंद्र, संचालक साजा

रेलवे पीड़ित अब तक भटक रहे नौकरी के लिए

जनधारा समाचार
भानुप्रतापपुर। रावघाट रेल्वे परियोजना के लिए बने रेलवे लाईन के निर्माण के लिए अपनी जमीन देने वाले किसान आज भी नोकरी का इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2009 में रेलवे और बीएसपी का दिखाया सपना एक सपना ही बन कर रह गया है। जिन किसानों ने नोकरी ओर उचित मुआवजे की आस में आपने खेत दिए थे वे आज भी इन विभागों के बुने मकड़जाल में फंस गए है। मार्च 18 में पीड़ितों के आंदोलन को समाप्त कराने और रेल सेवा की शुरुआत कराने के उद्देश्य से सभी जिम्मेदारों ने 6 माह में आदेश देने को कहा था पर आदेश तो दूर 22 जून को होने वाली बैठक में तक नही पहुंचे अधिकारी।

रेलवे और बीएसपी दोनों नहीं दे रहे ध्यान

इससे नाराज किसान फिर आंदोलन की राह पकड़ने वाले हैं इसी सिलसिले में सभी किसानों ने मीटिंग कर सांसद विक्रम देव उसेंडी को एक ज्ञापन भी सौंपा है। जिला कलेक्टर टामन सिंह सोनवानी ने कहा कि पूरे मामले पर हमारी नज़र है और हम रेलवे बीएसपी तथा पीड़ित किसानों के बीच समन्व्य बनाने की कोशिश कर रहे है।

गौरव नगर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त

जनधारा समाचार
थानखम्हरिया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष रविन्द्र चौबे की अनुसंशा पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबडा द्वारा गौरव बिन्दल को थानखम्हरिया नगर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। बिन्दल गत कई वर्षो से पार्टी को मजबूती प्रदान करने मे अहम भूमिका निभाई है जिसका परिणाम के रूप मे उन्हें नगर की बडी जिम्मेदारी दी गयी है।

गौरव बिन्दल को गत 10 जुलाई को कांग्रेस द्वारा नगर मे आयोजित किसान अधिकार महासभा में रविन्द्र चौबे के हाथो नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।गौरव बिन्दल नगर के नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर नगर पंचायत अध्यक्ष मनहरण सिन्हा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेन्द्र उपाध्यायएमुरारी तिवारी रोहित माण्डलेदेवी निर्मलकर अनिल तिवारी शबनम बेगमएसती नेगीरोशन सिन्हा सांसद प्रतिनिधि हरिशरण सिंह क्षत्रिय वाहिद खान गोरेलाल चंद्राकर पंकज अग्रवाल शरद देवांगनएमो हुसैन नवनियुक्त नगर एवं ब्लाक कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमर सिन्हा सालीक साहू बलबीर छाबडाएअर्जुन ठाकुरएमो जाबिर सहित नगर के सभी कांग्रेसजनों ने उक्त नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए गौरव बिन्दल को बधाई दी।

रिक्त पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ

कोरबा। एकीकृत बाल विकास परियोजना करतला में पुराने आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 03 एवं सहायिका के 08 रिक्त पदों के लिये भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। परियोजना अधिकारी करतला ने बताया कि आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 जुलाई है। ग्रामवार कार्यकर्ता एव सहायिकाओं के रिक्त पदों की जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । आवेदिकाओं को उसी ग्राम की निवासी होना अनिवार्य है जिसके लिऐ आवेदन किया जा रहा है। आवेदन पत्र पर पद एवं केन्द्र के नाम का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा । आवेदिकाओं की आयु 18 से 44 वर्ष के बीच होना आवश्यक है । कार्यकर्ता पद के लिये शैक्षणिक योग्यता 12 वीं एवं सहायिका के पद के लिये 8 वीं होना चाहिये ।

भुथिया जनसमस्या निवारण शिविर में 35 आवेदन निराकृत

महासमुंद। सरायपाली विकासखंड के भुथिया में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 49 आवेदन प्राप्त हुए, उसमें से 35 आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया। शेष 14 आवेदनों पर कार्रवाई के लिए समय दिया गया। शिविर में जनप्रतिनिधिगण और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय एवं विकासखंड अधिकारी उपस्थित थे। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नुपुर राशि पन्ना, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पवन कुमार प्रेमी, तहसीलदार श्रीमती ललिता भी उपस्थित थे। शिविर में सार्वधिक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 23, राजस्व विभाग को 13, शिक्षा एवं वन विभाग को 4-4, पशु चिकित्सा विभाग को तीन, स्वास्थ्य विभाग को दो आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सामाग्री वितरित की गई। खाद्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उगवला योजना के तहत 15 हितग्राहियों को गैस सिलेण्डर एवं दो बर्नर चूल्हे प्रदाय किए इनमें हरिप्रिया नंद, पसनी नंद, जाग्य बरिहा, पुष्पा साण्डे, पुर्णिमा मेहर, सुदेष्ठा राणा, शांति कन्धेर, बृंन्द्रावन कन्धेर, पूर्णिमा प्रधान, सुरेखा प्रधान, पवित्र भोई, शोभा साण्डे, संजु नंद और अनिता मेहर को प्रदाय किया गया।

15 हितग्राहियों को गैस सिलेण्डर, किसानों को स्प्रेयर पंप का वितरण

पुलिया के डायवर्सन बहने से मार्ग बंद

जनधारा समाचार
भानुप्रतापपुर। नगर से दल्ली दुर्ग एवं राजनांदगांव जाने वाले मुख्य मार्ग पर ग्राम कच्चे के आगे बन रही पुलिया का डायवर्सन बाह जाने से मार्ग अवरुद्ध हो गया जिससे सुबह से आवागमन ठप्प रहा। क्षेत्र में हुई रात भर बारिश के चलते यह घटना हुई। बालोद और कांकेर जिले को जोड़ने वाला यह एकमात्र मार्ग है। जिस पर सुबह से ही आवागमन बंद है। इस मार्ग को शुरू करने के लिए प्रशासन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। राजनांदगांव से कच्चे तक सड़क निर्माण का कार्य जरी है जिसमें कहीं कहीं पर पुलिया का निर्माण भी कराया जा रहा है। पुलिया के निर्माण के दौरान पहली बारिश में ही डायवर्सन बह जाना ठेकेदार की लापरवाही को दर्शाता है।

लघु वेतन कर्मचारी संघ का आंदोलन 16 से

कोंडागांव। छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ प्रांतीय संघ के आह्वान पर पांच सूत्रीय मांग एवं जिला स्तरीय एक सूत्रीय मांग को लेकर 16 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। जिला अध्यक्ष बलराम निषाद ने बताया कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी लंबे समय से आंदोलन करते आ रहे हैं सरकार आज तक उनकी एक नहीं सुनी जिसको लेकर कर्मचारी आक्रोशित हैं और जिले भर के चतुर्थ वर्ग कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन में शामिल होंगे जब तक यह मांग पूरी नहीं हो जाती है तब तक आंदोलन में डटे रहेंगे। श्री निषाद ने कहा कि हमारी मांग दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए कार्यभारित कर्मचारियों का अवकाश नगदीकरणकर्मचारियों के ग्रेड वेतन में बढ़ोतरी सेवा अवधि में बढ़ोतरी 20 एवं 50 वर्ष पूर्ण कर लिए अनिवार्य सेवानिवृत्त से मुक्त रखा जाए। आदिम जाति कल्याण विभाग में अंशकालीन स्वीपर को पूर्णकालिक करने सहित अनेक मांग शामिल हैं ।

डीएनके मैदान में जिले भर के चतुर्थ वर्ग कर्मचारी करेंगे आंदोलन

पाठ्यपुस्तक में शहीद वीरनारायण की जाति का गलत उल्लेख, विरोध

जनधारा समाचार
भानुप्रतापपुर। आदिवासी युवा छात्र संगठन द्वारा 10वीं कक्षा की पाठ्यपुस्तक में शहीद वीरनारायण सिंह की जाति का गलत उल्लेख करने का विरोध करते हुए नगर के मुख्य चौक पर स्कूली शिक्षा मंत्री एवं राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष का पूंक्ता जलाया गया। शहीद वीरनारायण सिंह की जाति का गलत उल्लेख किये जाने से नाराज आदिवासी युवा छात्र संगठन ने पुस्तक लेखिका के विरुद्ध एफआईआर करने की मांग करते हुए राज्यपाल के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सोंपा।

कांग्रेस की महासमुंद जिला कार्यकारिणी की सूची जारी

जनधारा समाचार
महासमुंद। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष भूपेश बघेल के अनुमोदन के बाद जिलाध्यक्ष आलोक चंद्राकर ने जिला कार्यकारिणी की सूची जारी की है। सूची अनुसार कोषाध्यक्ष नूतन अग्रवाल, उपाध्यक्षगण राजेंद्र चंद्राकर, नरेंद्र दुबे, कृष्णा चंद्राकर, बलवीर सिंह राज, नजरूद्दीन भाटी, गिरधर आवड़े, देवेश निषाद, गुरूबक्शीश आहूजा, विश्वजीत बेहरा, श्रीमती मंदाकिनी साहू, श्रीमती शशि तेजन चंद्राकर, रवि निषाद, महामंत्रीगण हरदेव ढिल्लो, भरत ठाकुर, रतन बंजारे, परमानंद साहू, श्रीमती लता कैलाश चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, अरविंद छाबड़ा, रवि कश्यप, आरएन आदित्य, देवेश साहू, अजय नंद, लीलाकांत पटेल, कार्यकारिणी सदस्य अरूणा शुक्ला, सती साहू, दुकलीबाई तांडी, बसंता ठाकुर, सुशीला नंद, संयुक्त महामंत्रीविजय साहू, लक्ष्मीकांत सोनी, नवनीत सलूजा, अमृत पटेल, पूनम मानिकपुरी, तेजराम पटेल, पुष्पेंद्र पटेल, रामेश्वर चक्रधारी, ओमप्रकाश यादव, हरदीप सिंह रैना, किशोर चतुर्वेदी, राजेश राजपूत, अनिश दानी, दीपांजलि सरवंश, तारा चंद्राकर, डोलचंद पटेल, अतुल गुप्ता, चमन ध्रुव, राजू यादव, सचिवगण विजय बांधे, सचिव गायकवाड़, नीलम ध्रुव, कोमल महानंद, सुरेंद्र दुबे, दुर्गेश्वरी चंद्राकर, मोक्ष प्रधान, रूपेंन्द्र त्रिपाठी, आलोक कानूनगो, मयाराम टंडन, चमन बैरागी, संजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल, तुलसी साहू, गोकुल साहू, विनोद युगर, गोपी पाटकर, धर्मेन्द्र सिदार, राजेश सोनी, प्रवक्तागण हरबंश सिंह, नरेंद्र दुबे, महेंद्र साव, सोशल मीडिया द्वय हेमंत कौशिक, अभय सिंह।

इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की प्रथम लेवल जांच

महासमुंद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हिमशिखर गुप्ता और राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों (ईव्हीएम) का प्रथम लेवल जांच जिला निर्वाचन कार्यालय के ईव्हीएम संग्रहण कक्ष में किया गया। हैदराबाद ईसीआईएल कंपनी के इंजीनियरों ने मशीनें संचालित कर जांच की। इस दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग तुराज रघुवंशी, अपर कलेक्टर शरीफ मोहम्मद खान, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बीएस मरकाम, एसडीएम सुनील चन्द्रवंशी, निर्वाचन पर्यवेक्षक मुन्नालाल ताण्डेय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

भारी बारिश की चेतावनी

महासमुंद। छत्तीसगढ़ के मौसम विज्ञान केन्द्र, रायपुर ने आगामी 48 घंटे के भीतर भारी बारिश होने की संभावना जताई है। रायपुर एवं बस्तर संभाग में भारी बारिश होने की संभावना है।

सार-समाचार

25 को आवेदनों व शिकायतों की सुनवाई

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. ममता साहू एवं डॉ. रेखा मेश्राम 25 जुलाई को जिले से प्राप्त महिलाओं के 13 आवेदनों-शिकायतों की सुनवाई करेंगी। कलेक्टोरेट कार्यालय में सुबह 11 बजे से सुनवाई प्रारंभ होगी। जिसमें आवेदक एवं अनावेदकों से उपस्थित होने कहा गया है।

ओव्हरब्रिज निर्माण मार्च तक पूरा होगा : डॉ. चोपड़ा

महासमुंद। विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने रेलवे ओव्हरब्रिज को लेकर दिए जा रहे भ्रामक वक्तव्य की निंदा की है। डॉ चोपड़ा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि ओव्हरब्रिज का निर्माण मेरा संकल्प है और वो अगले मार्च तक पूरा होकर रहेगा। उनका कहना है कि उनके दबाव के चलते ओव्हरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। बड़ी-बड़ी पार्टियों के नेता अखबारी वक्तव्य के सिवाय कुछ नहीं कर पाए और केवल कागजी शेर बने रहे। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य आज भी चालू है तो इसके लिए उनके सीने में सांप क्यों लोटता है। राजनीति में जो करेगा उसे श्रेय मिलेगा। मुआवजे की स्वीकृति न होने के लिए जिला प्रशासन पूर्णतः दोषी है।

विधायक ने भ्रमण दल को किया रवाना

महासमुंद। विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने हमर छत्तीसगढ़ योजना अंतर्गत गुरूवार को महासमुंद एवं बागबाहरा विकासखण्ड के संयुक्त वन प्रबंधन संमिति सदस्यों को नया रायपुर, जंगल सफारी, मंत्रालय, विधानसभा परिसर के दो दिवसीय भ्रमण पर हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। डॉ. चोपड़ा ने वन प्रबंधन समिति के सदस्यों से कहा कि इस शैक्षणिक भ्रमण में बहुत कुछ देखने व सीखने मिलेगा।

बाराडोली में 32 हजार की इमारती लकड़ी जब्त

महासमुंद। सरायपाली वन विभाग की टीम ने ग्राम बाराडोली के एक घर में छापा मारकर अवैध रूप से रखी इमारती लकड़ी जब्त की। जब्त लकड़ी की कीमत करीब 31 हजार 600 रूपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

भाजपा सरकार हमेशा से किसान, मजदूर हितैषी

नगरी। भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र सरकार में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा धान के समर्थन मुल्य में दो सौ रुपए की बढोतरी की गई है। साथ ही प्रदेश यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह द्वारा तीन सौ रूपये का बोनस दिया जाना है। इस तरह किसानों को अपने उपज का दाम इक्कीस सौ रूपये मिलना तय है। निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वो करती है।

हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार हमेशा से किसान, मजदूर वर्ग की हितैषी होने के साथ साथ सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखती है। उक्त बातें किसान मोर्चा भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र गोलछा ने कही। उन्होंने आगे कहा कि आज हर वर्ग के लोग केन्द्र और प्रदेश सरकार के कार्यशैली से प्रसन्न हैं जिसके चलते फिर से एक बार केन्द्र और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना तय है। कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नही है, और न ही कोई सशक्त नेतृत्व। देश की जनता समझ चुकी है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार चलाने में सक्षम है। श्री गोलछा ने धान के समर्थन मूल्य बढाये जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह एवं कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

मनरेगा के कार्य में भारी भ्रष्टाचार

जनधारा समाचार
कोण्डागांव। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से सरकार ग्रामीणों को रोजगार देने का कार्य करती है ताकि ग्रामीणों को गांव में ही काम मिले काम के लिए इधर उधर पलायन न करें और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो किन्तु ग्राम पंचायतों में संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी इस योजना के माध्यम से अपनी जेबें भर रहे हैं। ऐसा ही कुछ जिले के बड़ेराजपुर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत बालेंगा में देखने को मिला है जहां सड़क निर्माण के कार्य में भारी अनियमितता बरते जाने की शिकायत मिली है। ग्राम पंचायत बालेंगा के आश्रित ग्राम राहटीपारा से हल्दा पहुंच मार्ग में मिटटी मुरम का कार्य होना था जिसके लिए लगभग 18 लाख रूपये की राशि स्वीकृत हुआ था जनप्रतिनीधियों की मानें तो उक्त कार्य की आधे से ज्यादा राशि की हेराफेरी की गई है। गांव के उपसरपंच मुकेश नेतामए भूतपूर्व सरपंच मंडलराम सहित लगभग 12 वार्ड पंचो ने इस आशय की शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि सरपंच सचिव तकनीकी सहायक एवं रोजगार सहायक मिलकर ग्रामीणों के नाम पर खाते में राशि डालकर बैंक से राशि आहरण कर लिया गया जिसमें ऐसे ग्रामीणों का नाम शामिल है जो नाम मात्र भी कार्य नही किये है किन्तु उनके नाम पर 15 से 20 दिन की हाजिरी डालकर फर्जीवाड़ा किया गया है।

इस संबंध में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने शिकायत की है किन्तु किसी प्रकार की कार्यवाही नही की गयी है। गांव के विकास के लिए आई राशि का सही तरीके से उपयोग नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

शिकायत पर नहीं हो रही कार्यवाही

खूबचंद पारख लेंगे स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा



धमतरी। राज्य स्तरीय बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समीक्षा समिति (केबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त) के उपाध्यक्ष खूबचंद पारख 15 जुलाई को जिले में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। श्री पारख सुबह 10 बजे राजनांदगांव से रवाना होकर 11.30 बजे धमतरी विश्रामगृह पहुंचेंगे। वे दोपहर 12 बजे से विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शाम 4.30 बजे राजनांदगांव के लिए रवाना होंगे।

धमतरी। शहर में 500 लाख की लगत से बनने वाले ऑडीटोरियम का आज भूमिपूजन किया गया जिसमें महापौर अर्चना चौबे, निगम सभापति, पीडब्ल्यूडी सभापति नीलेश लुनिया, स्वास्थ्य सभापति हेमंत बंजारे, भाजपा जिलाध्यक्ष रामु रोहरा, नरेंद्र रोहरा, आयुक्त नगर निगम, पार्षद आमना सोना, शिवओम बैग नाग, वार्ड पार्षद प्रकाश सिन्हा, अशोक सिन्हा, प्रेम मुंजवानी, शरद चौबे, कुलेश सोनी, विजय मोटवानी समेत नागरिक आदि मौजूद थे।

कार्यालय कलेक्टर (प्रतिलिपि शाखा)
जिला महासमुंद, (छ.ग.)
उद्घोषणा

एतद् द्वारका आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर महासमुंद के प्रतिलिप शाखा में वर्ष-2017 में दिनांक 01/01/2017 से 31/12/2017 तक जिन आवेदकों के द्वारा राजस्व अभिलेखों की प्रतिलिपि प्राप्त करने हेतु रसीद प्राप्त की गई है, ऐसे आवेदक जो आज पर्यन्त तक अपना नकल अभिलेख प्राप्त नहीं किये हो अथवा इस कार्यालय में जमा अग्रिम राशि वापस प्राप्त न की हो।

तत्संबंध में दिनांक 31/08/2018 के पूर्व आवेदकगण कार्यालय में मूल रसीद की प्रति दिखाकर उपलब्ध तैयार नकल अथवा जमा रकम प्राप्त कर सकते हैं। अन्यथा नियत अवधि पश्चात आवेदकगणों द्वारा जमा अग्रिम राशि शासन के पक्ष में राजसात कर खजाना दाखिल कर दिया जायेगा। नियत अवधि दिनांक 31/08/2018 के उपरांत उपस्थित होने वाले आवेदकों की नकल प्रदाय अथवा रकम वापसी इत्यादि की कार्यवाही नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 09 जुलाई 2018 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा सहित जारी किया गया।
(कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)

डिप्टी कलेक्टर
वास्ते-कलेक्टर महासमुंद

जी–53488/1